राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

डॉ. सतीश कुमार गर्ग बने राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति

राज्यपाल ने जारी किए कुलपति नियुक्ति के आदेश

जयपुर, 6 अगस्त। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने आज एक आदेश जारी कर डॉ. सतीश कुमार गर्ग को राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलपति नियुक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किए हैं।

राज्यपाल के आदेशानुसार डॉ. गर्ग को कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो के लिए विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. सतीश कुमार गर्ग इससे पहले बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलसचिव पद पर कार्य कर रहे थे।

————